RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/09/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Naidunia (Bhopal,MP)

बंगरसिया सीआरपीएफ परिसर में बड़ी संख्या में रोपे गए पौधे

मंडीदीप। नगर की सबसे बड़ी काटन इंडस्ट्रीज वर्धमान ग्रुप द्वारा बंगरसिया स्थित सीआरपीएफ परिसर में पौधारोपण किया गया। ग्रुप के संचालक एस पाल ने डिप्टी कमांडेंट एसके शर्मा एवं रैपिड एक्शन फोर्स के 100 से अधिक जवानों एवं ग्रुप के एक दर्जन से अधिक अधिकारियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। इस दौरान एसपाल ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला तो एसके शर्मा ने सभी पौधों के बड़े होने तक देखभाल की जवाबदारी संभाली। वर्धमान कंपनी द्वारा दी गई। ग्रुप ने इस साल पचास हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पौधे मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, गौहरगंज के स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी में लगाने का निर्णय लिया है। (नप्र)

Hari Bhoomi (Bhopal,MP)

वर्धमान ग्रुप ने किया पौधरोपण

मंडीदीप। औद्योगिक नगर के समीपस्थ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 107 बटालियन द्रुत कार्य बल में वर्धमान ग्रुप द्वारा पौधे लगाए गए। ग्रुप के राजकुमारसिंह ने बताया कि 50 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। सोमवार को बंगरसिया में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल परिसर में वर्धमान ग्रुप के डायरेक्टर एस पाल के निर्देशन में पौधरोपण किया गया।

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

आरएएफ जवानों ने निकाली रैली

जासं, प्रयागराज : जल संरक्षण के लिए बुधवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 101 वाहिनी फाफामऊ की टीम ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों को पानी की बर्बादी न करने की सलाह दी गई। आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को जवानों ने मलाका, गोहरी, चंदापुर आदि गावों में जागरूकता रैली निकाली। रैली में गांव के बच्चे, बूढ़े और जवान भी शामिल रहे। इस दौरान डिप्टी कमांडेंट ने कहा कि भूगर्भ जल सीमित है। इसलिए इसका इस्तेमाल सूझ-बूझ के साथ करें। पानी बचाने के लिए हर किसी को आगे आना होगा।

Inext (Prayagraj,UP)

आरएएफ मुख्यालय पहुंची मशाल

द्रुत कार्य बल के द्वारा जारी जन जागरूकता मशाल विभिन्न आरएएफ वाहिनियों से होती हुई बुधवार को शांतिपुरम् स्थित 101 आरएएफ पहुंची. इस दौरान मशाल वाहिनी मुख्यालय से कई गांवों मलाका, चंदापुर, गोहरी होते हुए वाहिनी के कार्यकारी प्रमुख नरेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई.

Hindustan (Prayagraj,UP)

आरएएफ ने निकाली जागरूकता रैली

फाफामऊ। आरएएफ ने बुधवार को जागरूकता रैली निकाली। शांतिपुरम फाफामऊ मुख्यालय से रैली मलाका, चंदापुर, गोहरी गांवों में पहुंची। वाहिनी के कार्यकारी प्रमुख नरेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के विषय में जागरूक किया गया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।